>

Title: Regarding Jagdhehwa Dam in Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : अध्यक्ष महोदय, मुझे आपने अत्यंत महत्वपूर्ण बिन्दु पर प्रश्न पूछने का आदेश दिया है, मैं इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं । आप राजस्थान से आते हैं, आप पानी की किल्लत को समझते हैं । आज देश में पानी बचाने के लिए सरकार संकल्पित है । बूंद-बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं और कहीं-कहीं पर लोग पानी के अभाव में मर भी रहे हैं । उस स्थिति में मेरे यहां पर एक ऐसा स्थान है, जहां तेलहर कुंड से पानी सूरा नदी में गिरता है, उसके बाद दुर्गावती नदी और दुर्गावती नदी के बाद कर्मनाशा नदी में गिरकर लाखों एकड़ फीट भूमि पानी उत्तर प्रदेश में चला जाता है । यदि पानी को रोका जाए और सूरा नदि पर बांध बनाकर दांया तट बना दिया जाए, तो वहां पर एक जगदहवां डैम बना हुआ है । जहां पर पानी के स्त्रोत कम होने की वजह से उसका पानी एकदम सूख गया है । वह एकदम मृतप्राय पड़ा हुआ है । यदि डैम का निर्माण हो जाता है, तो जगदहवां डैम में भी पानी जाएगा और दाहिनी तरफ से भगवानपुर प्रखंड का भी पटवन हो सकता है ।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं और आपसे भी निवेदन करता हूं कि जल शक्ति मंत्रालय को निर्देशित करे कि बिहार सरकार से बात करे और वहां पर तत्काल बांध का निर्माण किया जाए । वह इलाका किसानों का इलाका है और वह एकदम असिंचित हो चुका है । यदि बांध नहीं बनाया गया, तो मैं समझता हूं कि वहां के किसानों के सामने बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है । इसलिए मेरा आपसे पुनः आग्रह है कि जल शक्ति मंत्रालय को जरूर निर्देशित किया जाए कि बिहार सरकार से बात करके, वहां पर तत्काल बांध का निर्माण कराया जाए ।